## सार-समाचार

### सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य कलेक्टर से मिले



**कोटा,** (निसं)। राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य सत्यनारायण भूमलिया ने गुरूवार को जिला कलक्टर ओपी बुनकर, आयुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण राजपालसिंह से मुलाकात कर सफाई कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित करने के लिए संबन्धित अधिकारियों को पाबन्द करने के निर्देश दिये। आयोग सदस्य ने जिला कलक्टर से वार्ता कर सफाई कर्मचारियों से सम्बन्धित समस्याओं से अवगत कराकर निराकरण के लिए नगर निगम एवं सम्बन्धित विभागों को निर्देश प्रदान करने की बात कही। उन्होंने कार्मिकों को विभागीय योजनाओं का लाभ भी समय पर प्रदान करने के लिए विभागों को निर्देशित करने का आग्रह किया। आयोग सदस्य ने नगर निगम कोटा दक्षिण के आयुक्त से मिलकर सफाई कर्मचारियों के रुका हुआ एरियर व 2012 वह 2018 सफाई कर्मचारी भर्ती से वंचित रहे लोगों को नियुक्ति दिलाने के संबंध में चर्चा की। आयोग सदस्य ने सर्किट हाउस पहुंचकर सफाई कर्मचारियों के अभाव अभियोग सुने जहां वाल्मीकि समाज के नागरिकों ने स्वागत सम्मान किया। इस मौके पर वार्ड पार्षद सुनील नरवाला, अखिल भारतीय सफाई-मजदूर संगठन के विजय मीणा सहीत गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### सम्मान समारोह सम्पन्न

**कोटा,** (निसं)। कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याक्षी रही प्रदेश कांग्रेस कमेटी, राजस्थान की सचिव राखी गौतम द्वारा वरिष्ठजन सम्मान समारोह की अनुपम श्रृंखला मे नववर्ष के शुभ अवसर पर कोटा दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के शॉपिंग सेंटर, रेतवाली, कैथूनीपोल, सिंधी कॉलोनी, गुमानपुरा न्यू कॉलोनी, श्रीपुरा साबरमती कॉलोनी मोखापाड़ा क्षेत्र के लगभग 3000 वरिष्ठजनों का सम्मान समारोह का आयोजन महाराव भीमसिंह छात्रावास (मैरिज परिसर) सूरजपोल गेट, रामतलाई कोटा मे सम्पन्न हुआ। इस कड़ाके की सर्दी और गलन में भी वरिष्ठजनों का जोश कम नहीं हुआ जब उक्त समारोह स्थल में प्रदेश कांग्रेस सचिव राखी गौतम द्वारा वरिष्ठ जनों पुरुषों को दुपट्टा (वस्त्र) एवं श्रीफल भेंट किऐ तथा महिलाओं को साल ओढ़ाकर उनका अभिवादन पूर्वक सम्मान किया गया। गौतम ने मंच के माध्यम से सम्बोधित किया कि मेरी हमेशा इस तरह के समारोह करने की एक ही प्रबल इच्छा रहती है की आप सब माता-पिता तुल्य वृद्धजनों को देख कर मेरे अन्दर आत्मिक अनुभूति का संचार होता हैं। आप सभी को देखने मात्र से मेरा मनोबल एवं उर्जा का स्तर काफी हद तक बढ़ता हैं। समारोह मे आये आगुन्तक अतिथिगणों का समाजसेवी विद्याशंकर गौतम द्वारा शॉल, साफा एव माला पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। उक्त कार्यक्रम मे मंचासीन अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष गोविंद शर्मा, कोटा दक्षिण महापौर राजीव अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, पूर्व विधायक पूनम गोयल ने भी अपने विचार व्यक्त कियें। स्थानीय वार्ड पार्षद एवं पूर्व प्रधान मन्नालाल गुर्जर, दिलीप पाठक पार्षद जमुना बाई, रणधीर सिंह साहनी, आनंद त्यागी, भंवर मेहरा, हरिदत्त कैलाश पंचोली, सुरेंद्र मोहन मूंदड़ा, यशपाल चौधरी, कदीर भाई सहित कई जनप्रतिनिधि लोग मौजूद रहे। उक्त समारोह में स्थानीय कार्यकर्ता एवं शहर जिला कांग्रेस के कई पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### आवेदन की अंतिम तिथि 12 जनवरी

**कोटा,** (निसं)। देश की सबसे बड़ी इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन की आवेदन प्रक्रिया जारी है। अब तक 6 लाख 70 हजार से अधिक विद्यार्थी आवेदन कर चुके हैं। आवेदन की अंतिम तिथि 12 जनवरी है। जेईई-मेन जनवरी परीक्षा 24 से 31 जनवरी के मध्य प्रस्तावित है। अप्रेल परीक्षा के लिए विद्यार्थियों को पुनः फरवरी माह में आवेदन करना होगा। इस वर्ष एक बार आवेदन करने के बाद उसमें कोई बदलाव संभव नहीं हो सकेगा, ऐसे में विद्यार्थी नियमों को ध्यान में रखते हुए आवेदन करें। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा ने बताया कि बोर्ड पात्रता को लेकर विद्यार्थियों में असमंजस बरकरार है। इसके चलते बड़ी संख्या में विद्यार्थी ऐसे हैं जिनकी 12वीं बोर्ड में प्राप्तांक 75 प्रतिशत से कम है और आवेदन करने में अभी भी बोर्ड पात्रता के संबंध में स्पष्टीकरण का इंतजार कर रहे हैं। जेईई-मेन जनवरी आवेदन में अंतिम छह दिन शेष हैं, यदि प्रत्येक दिन गत कुछ दिनों को देखते हुए औसतन 15 से 20 हजार विद्यार्थी रोज नए आवेदन करते हैं तो जेईई-मेन जनवरी परीक्षा के लिए करीब 8 लाख विद्यार्थियों के पंजीकरण की संभावना है। गत वर्ष भी 8 लाख 72 हजार विद्यार्थियों ने पहले सेशन के लिए किया था। आहूजा ने बताया कि कुछ विद्यार्थियों ने मुम्बई हाईकोर्ट में आईआईटी, एनआईटी में 75 प्रतिशत प्रवेश बोर्ड पात्रता को चुनौती दी हुई है, इसकी सुनवाई 10 जनवरी को होनी है। ऐसे में कई विद्यार्थी आवेदन करने में देरी कर रहे हैं। विद्यार्थियों को सलाह दी जाती है कि 75 प्रतिशत बोर्ड पात्रता आईआईटी-एनआईटी में प्रवेश के लिए है, परीक्षा में शामिल होने में इसकी बाध्यता नहीं है। ऐसे में विद्यार्थी परीक्षा के लिए आवेदन जरूर करें, क्योंकि जेईई-मेन एवं एडवांस्ड के आधार पर कई शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थान ऐसे हैं जहां पर 75 प्रतिशत की बोर्ड पात्रता नहीं है एवं उनमें प्रवेश जेईई-मेन एवं एडवांस्ड की रैंक के आधार पर ही दिया जाता है।

### चाईनीज मांझे की 23 चरखियां जब्त

**बून्दी,** (निसं)। मकर सक्रांति पर्व पर प्रयुक्त होने वाले चाईनीज मांझे की जब्ती के लिए नगर परिषद बून्दी में अतिक्रमण टीम ने गुरूवार नैनवां रोड पर कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान चाईनीज मांझे की लगभग 23 छोटी-बड़ी चरखियां जब्त की गई।नगर परिषद आयुक्त महावीर सिंह सिसोदिया ने बताया कि जब्ती की कार्यवाही कर दुकानदारों को चाईनीज मांझा नहीं बेचने हेतु समझाईश की गई तथा चाईनीज मांझे के दुष्प्रभाव बताए। इस कार्यवाही में अतिक्रमण प्रभारी रवि दाधीच, कालू हरित, हयाज भाई, महेन्द्र नायक, विकास गुर्जर उपस्थित रहे।

# जिला कलेक्टर डॉ. गोस्वामी ने आमजन की समस्याएं सुनी

**बूंदी,** (निसं)। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए राज्य सरकार द्वारा शुरू की गई त्रि स्तरीय जन सुनवाई व्यवस्था के तहत गुरुवार को ठाम पंचायत नमाना स्थित राजीव गांधी सेवा केन्द्र में पंचायत स्तरीय जन सुनवाई का आयोजन किया गया। इसमें जिला कलेक्टर डॉ. रविंद्र गोस्वामी , पुलिस अधीक्षक जय यादव ने आमजन की समस्याओं को सुना और जन सुनवाई में मौजूद संबंधित विभागीय अधिकारियों को निस्तारण करने के निर्देश दिए।



नमाना राजीव गांधी सेवा केंद्र में जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ( बीच में ) ने आमजन की समस्याएं सुनी।

जन सुनवाई के दौरान रास्ते से अतिक्रमण हटवाने ,छात्रवृत्ति प्राप्ति, आबादी विस्तार ,पट्टे बनवाने, शमशान भूमि विकास कार्य, चारागाह भूमि औषद्यालय भूमि से अतिक्रमण हटाने , नालियों की सफाई करवाने सहित लगभग 12 प्रकरण प्राप्त हुए। जन सुनवाई के दौरान जिला कलक्टर ने गांव में रास्ते पर एकत्रित होने वाले पानी की निकासी करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को आमली की सड़कों के दोनों और झाड़ियों की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए । उन्होंने पीएचईडी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के तहत सुनारो की गली में नई पाइपलाइन ने डाली जाए ताकि गांव में पेयजल समस्या की समस्या का निस्तारण हो सके। साथ ही लीकेज, क्षितठास्त पाइप लाइनों को सही करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कचरा प्रबंधन एवं नालियों की समय पर सफाई की जावे।जन सुनवाई के दौरान तहसीलदार दीपक महावर, शिक्षा विभाग के सतीश, सरपंच नमाना गंगा सार्वजनिक निर्माण विभाग, शिक्षा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# जुआ खेलते छह जने गिरफ्तार, नकदी जब्त

**रामगंजमंडी,** (निसं)। शहर पुलिस ने अवैध जुआ सट्टा के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 6 जुआरियों को गिरफ्तार कर जुआ सटटा की कुल राशि 6300 रूपये जप्त करने में सफलता प्राप्त की है।

उक्त जानकारी देते हुए पुलिस अधीक्षक कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि थाना रामगंजमंडी पुलिस ने अवैध जुआ सटटा के खिलाफ कार्यवाही करते हुये 6 जुआरियों को गिरफतार करने मे सफलता प्राप्त की।



रामगंजमंडी पुलिस ने जुआ खेलते 6जनों को गिरफ्तार किया।

जिले में अवैध जुआ सटटे के बढते मामलों को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा ठाामीण अरूण माच्या के सुपरविजन मे प्रवीण नायक वृताधिकारी वृत्त रामगंजमण्डी की निर्देशन मे मनोज कुमार थानाधिकारी थाना रामगंजमण्डी के नेतृत्व में अवैध जुआ सटटा के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इस पर गुरुवार 05 जनवरी को थाना क्षेत्र रामगंजमंडी मे अवैध जुआ सटटा के खिलाफ कार्यवाही कर 6 जुआरियों को गिरफतार कर जुआ सटटा राशि कुल 6300 रूपये जप्त करने में सफलता प्राप्त की। आरोपीगण के खिलाफ अलग-अलग 6 प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है ।

जिला कोटा ठाामीण में अवैध जुआ सटटा की खाईवाली करने वाले व्यक्तिओं के खिलाफ प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी।आरोपी विनोद कुमार पुत्र भगवान जाति मेरोठा उम्र 22 साल निवासी कुदायला थाना रामगंजमण्डी, विशाल पुत्र मनोहर जाति मेहर उम्र 30 साल निवासी हिरियाखेडी हाल सुभाष कोलोनी थाना रामगंजमण्डी,शरीफ मोहम्मद पुत्र बाबू खॉ जति मुसलमान उम्र 68 साल निवासी गरीब नवाज कोलोनी रामगंजमण्डी, पवन पुत्र राधेश्याम पोरवाल उम्र 20 साल निवासी वार्ड नम्बर 26 गिरधर कोलोनी रामगंजमण्डी, कमल कुमार सुमन पुत्र रामचन्द्र जाति माली उम्र 42 साल निवासी रोंसली रोड रामगंजमंडी, शुभम सोनी पुत्र किशोर सोनी जाति सोनी उम्र 26 साल निवासी वार्ड न0 01 सुभाष कोलोनी रामगंजमण्डी को गिरफ्तार किया गया है।

### अंजू शर्मा पुनः अध्यक्ष बनी

**कोटा,** (निसं)। न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी की साधारण सभा की बैठक गुरुवार को संस्था कार्यालय प्रेम नगर अफोर्डेबल में आयोजित की गई जिसमे श्री मति अंजू शर्मा को पुनः अध्यक्ष चुना गया वही हंसता खिलखिलाता कोटा कार्यक्रम में बच्चों युवाओं और महिलाओं की भागीदारी का निर्णय पारित कर कार्यक्रमों को वर्षभर चलाने का किया गया। बैठक में धारणा शर्मा स्वाति शर्मा एवं विपुल कुमार ने वर्ष 2023 के अध्यक्ष के लिए अंजू शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा जिस पर सोसाइटी की सदस्य निधि, रानी, शिल्पी चौहान, दिनेश प्रजापति बंटी, सत्येंद्र कुमार समेत उपस्थित सदस्यों ने ध्वनिमत से प्रस्ताव का समर्थन किया। चुनाव अधिकारी एडवोकेट जितेंद्र कुमार ने उपस्थित सदस्यों की सहमति व् एकमात्र प्रस्ताव पर मोहर लगाते हुए श्री मति अंजू शर्मा को निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष अंजू शर्मा ने न्यू कोटा इंटरनेशनल सोसायटी के द्वारा विगत 4 वर्षों से आयोजित किए जा रहे हाडौती गौरव सम्मान कार्यक्रम की घोषणा कर दी है। 14 फरवरी 2023 को हाड़ौती गौरव सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा जिसमें हाड़ौती की जानी-मानी हस्तियों को जिन्होंने हाड़ौती में सेवा कार्य कर अपना एवं हाड़ौती का नाम रोशन किया है।

# प्रवासी भारतीय दिवस में शिरकत करेंगी डॉ. निधि प्रजापति

**कोटा,** (निसं)। भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के द्वारा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय 17 वां प्रवासी भारतीय दिवस 8 से 10 जनवरी तक मध्यप्रदेश के इंदौर में आयोजित किया जा रहा है जिसमें राजस्थान कोटा से नेशनल यूथ अवार्डी और अमेरिका की गांधियन सोसाइटी की इंडियन फेलो डॉ. निधि प्रजापति को आमंत्रित किया गया है।

इस अवसर पर डॉ. निधि प्रजापति ने बताया कि ये उनके लिए सौभाग्य की बात है कि एक गांधियन होने के नाते जो पिछले 19 सालों से गाँधी जी के रचनात्मक और समाज उत्थान के सामाजिक कार्यों में संलग्न है उसे भारत सरकार द्वारा 17वें प्रवासी भारतीय दिवस पर आमंत्रित किया गया क्योंकि 9 जनवरी के दिन ही महात्मा गाँधी 1915 में दक्षिण अफ्रीका से रंगभेद नीति के विरुद्ध सत्याग्रह और सफलता के पश्चात वापस भारत आये थे तथा प्रतिवर्ष देश के विकास में प्रवासी भारतवंशियों के योगदान को चिहिन्त करने के लिए प्रवासी भारतीय दिवस 9 जनवरी को मनाया जाता है।

डॉ. निधि प्रजापति ने आगे बताया कि इस वर्ष प्रवासी भारतीय दिवस कार्यक्रम कि थीम, प्रवासी अमृत काल में भारत की प्रगति के लिए विश्वसनीय भागीदार रखा गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भारत की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गुआना के राष्ट्रपति, साथ ही साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विदेश मंत्री एस जयशंकर, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री श्री अनुराग सिंह ठाकुर अलग-अलग देशों के राष्ट्राध्यक्ष, दूतावासों के उच्च अधिकारी, विदेशों में निवासित प्रतिष्ठित भारतीय युवाओं के साथ-साथ 11 अंतरराष्ट्रीय संगठनों के सदस्य भी शामिल होंगे जिसमें मुख्य रुप से गुआना के राष्ट्रपति और उनके 30 मेंबर, सूरीनाम के राष्ट्रपति, गबन के प्रधानमंत्री, बांग्लादेश के वाणिज्य मंत्री, पनामा के विदेश मंत्री परिषद के पांच मंत्री, अमेरिका जापान इजराइल कनाडा के काउंसलर जनरल, घना-मलावी के हाई कमिश्नर, थाईलैंड सिंगापुर के वाइस काउन्सलर के आने की उम्मीद है। प्रथम दिन के कार्यक्रम में देश के सभी राज्यों से चुनिंदा प्रतिष्ठित युवाओं के साथ भारत के विकास में प्रवासी भारतीयों का योगदान, उनके साथ मैत्री संबंध को बढ़ावा देना, साथ ही आधुनिक भारत की परिकल्पना को वैश्विक स्तर पर सार्थक बनाना, अमृत काल में 2047 का भारत कैसा हो? विषयों पर चर्चा करेंगे। दूसरे दिन आजादी का अमृत महोत्सव भारतीय - स्वतंत्रता संग्राम में प्रवासी का योगदान एवं तीसरे दिन श्भारतीय कार्यबल को वैश्विक स्तर पर गतिशील एवं सक्षम करना विषय पर चर्चा होगी एवं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 26 देशों के 27 भारतीय प्रवासियों को प्रवासी पुरस्कार से सम्मानित करेंगी।

### सिलिकोसिस रोकथाम की दी जानकारी

**बूंदी,** (निसं)। जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की पहल पर शुरू किए गए सिलिकोसिस केयर बून्दी के नवाचार के तहत प्रथम पखवाड़े में जागरूकता के लिए सभी 13 चिन्हित हॉट स्पॉट पर पहुंचकर श्रमिकों को सिलिकोसिस बीमारी के लक्षण एवं रोकथाम की जानकारी दी जा रही है।इसी क्रम में गुरूवार को थडी, पराणा एवं मालोठ में श्रमिकों को सिलिकोसिस रोग की जानकारी एवं रोकथाम के लिए जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. कुलदीप मीना ने श्रमिकों कार्य के दौरान मास्क पहनने, पानी के साथ पत्थर की कटिंग या ड्रीलिंग करने के लिए समझाईश की। साथ ही खदान मालिकों को सिलिकोसिस जागरूकता एवं रोकथाम के उपाय प्रदर्शित करते होर्डिंग लगाने के निर्देश दिए।इस दौरान श्रमिकों को धुम्रपान छोडने के लिए प्रेरित किया गया। श्रमिकों को सिलिकोसिस रोग के प्रारम्भिक लक्षणों एवं बचाव के उपाय की जानकारी दी। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सहायक निदेशक राकेश वर्मा ने सिलिकोसिस मरीजों के लिए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी गई।

# बूंदी कौशल महोत्सव का शुभारंभ

**बूंदी,** (निसं)। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि हमारा युवा क्षमतावान और सामर्थ्यवान है। आवश्यकता है तो बस यह कि वह बदलते समय और वैश्विक आवश्यकताओं के अनुरूप स्वयं को अपस्किल करे। फिर वह नौकरी मांगने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनेंगे। ऐसे ही युवा वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की परिकल्पना को साकार करेंगे। वे गुरूवार को बूंदी कौशल महोत्सव रोजगार मेले का शुभारंभ कर रहे थे।

कुंभा स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि हमारे युवा में बुद्धिकौशल, शोध, नवाचार और तकनीक में आगे है। यही कारण है कि आज कि वे चुनौतियों को स्थायी समाधान दे रहे हैं। इसी वजह से विश्व के अनेक देशों में भारतीय युवाओं की बेहद मांग है।बिरला ने कहा कि कभी यह आशंका जताई जाती थी कि बढ़ती हुई आबादी हमारे लिए बोझ बन जाएगी। लेकिन अब दुनिया का सबसे युवा देश होने के कारण यह वर्कफोर्स ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। हमारा प्रयास होना चाहिए कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के



कौशल महोत्सव मेले में लोकसभा अध्यक्ष ( बीच में ) ने किसानों के कार्य में सहायक ड्रोन की कार्यप्रणाली की जानकारी दी।


साथ आने वाले समय की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल में दक्ष करें। इससे हमारा युवा नौकरी मांगने लायक भी बनेगा और नौकरी देने लायक भी बनेगा। कार्यक्रम को राष्ट्रीय कौशल विकास निगम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी वेदमणी तिवारी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में बूंदी विधायक अशोक डोगरा, नगर परिषद बूंदी की सभापति मधु नुवाल भी उपस्थित रही। स्पीकर बिरला ने युवाओं को सुझाव दिया कि वे मोबाइल का सही उपयोग करें। मोबाइल पर वे सफल लोगों की कहानियां देखें। उनके संघर्ष की जानकारी जुटा कर प्रेरणा लें। दुनिया में आ रही नई तकनीकों की जानकारी जुटाएं और उनको सीखने का प्रयास करें। इससे उन्हें दिशा मिलेगी और वे राष्ट्र निर्माण में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान भी देंगे।

### तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

**रामगंजमंडी,**(निसं)। कोटा स्टोन स्मॉल स्केल इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने गुरुवार मासिक पास की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।झालावाड़ और चेचट से रोजाना कोटा स्टोन से भरे ट्रक औद्योगिक क्षेत्र में आते हैं लेकिन मासिक पास नहीं होने की वजह से इन ट्रकों को भारी टोल की वसूली देनी पड़ती है। ओवर लोड के नाम से टोल वाले द्वारा अवैध वसुली की जाति है कोटा स्टोन व्यापार पहले से ही भारी मंदी की मार झेल रहा है। कोरोना का काल के बाद से तो और मंदी आ गई है एसोसिएशन के सचिव अखिलेश मेड़तवाल ने बताया कि मासिक पास की मांग को लेकर एसोसिएशन के पदाधिकारी व्यापारियों के साथ अध्यक्ष पहलाद बैंसला के नेतृत्व में तहसीलदार से मिले और मासिक पास की मांग की और टोल टैक्स वाले कि अवैध वसूली बंद करवाने की मांग की।ज्ञापन देने वालो में अध्यक्ष प्रहलाद बैंसला उपाध्यक्ष गोपाल गर्ग दिनेश डपकरा सचिव अकलेश मेड़तवाल सह सचिव राकेश जैन कोषाध्यक्ष लोकेश खंडेलवाल बाबूलाल मेघवाल संजय सदस्य दुर्गाशंकर, आशीष, घनश्याम पाटीदार मनोज धाकड विनोद धाकड बबलू सुथार पंकज सुथार व ईश्वर धाकड सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### सड़क मरम्मत करने की मांग



**छबड़ा,** (निसं)। श्रीहनुमान सिद्ध साधना आश्रम तक जाने वाली सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण श्रद्धालुओ का काफी परेषानी का सामना करना पड़ रहा हैं। जल्द ही सड़क की मरम्मत किए जाने की मांग की। आश्रम से जुड़े चौथमल नागर, बिरधीलाल, बाबूलाल, देवकरण, बनवारीलाल, चौथमल, रामप्रसाद, घनश्याम, रामनारायण, पृथ्वीराज, राधेश्याम, ऊंचावद, रामदयाल, शिवचरण ने बताया कि आश्रम पर अभी तक जन सुविधाओं का अभाव है। यहां सामुदायिक भवन के साथ सुलभ शौचालय, योग केंद्र के लिए योग शाला तथा धार्मिक अनुष्ठानों के लिए यज्ञ शाला और आश्रम की शेष भूमि पर बाउंड्रीवाल के साथ 1 किलोमीटर सड़क मार्ग के निर्माण की मांग लंबे समय से चली आ रही हैं। सुविधाओं के अभाव के कारण बाहर से आने वाले यात्रियों को रात्रि विश्राम की सुविधाएं यहां नही होने से छबड़ा या समीप के गांव में जाना पड़ता है। सड़क मार्ग के अभाव में वर्शा में लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही हैं।

### शिविर में 78 नेत्र रोगियों का उपचार

**कोटा,** (निसं)। मोतियाबिंद के रोगियो के लिए लायंस क्लब कोटा के द्वारा नेत्र शल्य चिकित्सा शिविर का आयोजन निरंतर जारी है। लायंस क्लब कोटा द्वारा आयोजित ग्यारहवां निशुल्क नैत्र शल्य चिकित्सा शिविर गुरूवार को लांयस क्लब भवन में आयोजित किया गया। सचिव पुरूषोतम पालीवाल ने बताया कि शिविर के रजिस्ट्रेशन कार्य 03 जनवरी से प्रारंभ किया गया था। जिसमें 212 लोगों का रजिस्ट्रेशन कर 90 जनों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चयनित किया गया। जिसमे से 78 नेत्र रोगियो को ऑपरेशन कर उन्हे काले चश्मे सोपे गए। अध्यक्ष जुगल सोनी ने बताया कि सभी ऑपरेशन डा विशाल स्नेही ने सभी मरीजो का ऑपरेशन आधुनिक लेजर तकनीक के माध्यम से किया और मरीजो को लेंस प्रत्यारोपित किए। इस अवसर पर शिविर प्रभारी अशोक नुवाल, अध्यक्ष जुगल किशोर सोनी, पुरुषोत्तम पालीवाल, पवन पारेता, अशोक नुवाल, जगदीश प्रसाद गुप्ता, सोनल शर्मा, शशि भंडारी, इंद्रेश गर्ग एवं विरेन्द्र विजय ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन

**छीपाबड़ौद,** (निसं)। छीपाबड़ौद,के समीपवर्ती पछाड़ बालाजी क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित पांचवी ओपन क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन मुख्य अतिथि प्रताप सिंह सिंघवी विधायक छबड़ा की उपस्थिति में हुआ 21 दिसंबर 2022 से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में 44 टीमों ने भाग लिया आज सेकंड सेमी फाइनल फूल बड़ौदा वर्सेज शंकर कॉलोनी चाचौड़ा के बीच खेला गया जिसमें शंकर कॉलोनी विजेता रही फाइनल मुकाबला बालाजी क्रिकेट क्लब पछाड़ वर्सेज शंकर कॉलोनी चाचौड़ा के बीच खेला गया जिसमें शंकर कॉलोनी चाचौड़ा विजेता रही मुख्य अतिथि द्वारा विजेता टीम को 21000 नगद पुरस्कार व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया उप विजेता रही बालाजी क्रिकेट क्लब पछाड़ को भी नगद पुरस्कार 11000 व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया इस अवसर पर अध्यक्ष सुंदरलाल नागर रामभरोस मेहरा पूर्व सरपंच पछाड़ कमेटी सदस्य दिनेश मधुसूदन रोहित टिंकू टोनू पिंटू सोनू कौशल रघुवीर धर्मेंद्र अर्जुन नरेंद्र आदि उपस्थित रहे फाइनल मैं आकर्षक का केंद्र चीयर गर्ल्स डांस रहा सैकड़ों की संख्या में दर्शक फाइनल मुकाबला देखने पहुंचे।

### जरूरतमंदों को गर्म कपड़े बांटे

**कोटा,** (निसं)। कड़ाके की ठंड के बीच गुरुवार को इंकलाब मोर्चा की ओर से किशोरपुरा शाजीदेवड़ा क्षेत्र में 200 जरूरतमंद लोगों को गर्म कपड़ों का वितरण किये गये। गर्म कपड़े के वितरण की शुरुआत मोर्चा प्रमुख मोहम्मद हुसैन ने की मुख्य अतिथि समाजसेवी नईम अहमद, निकहत इदरीसी ,हर्ष जेसवानी रहे। इस मौके पर मोहम्मद हुसैन ने कहा कि नर सेवा ही नारायणा सेवा है यदि इंसान ऊपर वाले को खुश रखना चाहते हैं तो जरूरतमंद इंसानों को खुशी देनी होगी। इस मौके पर रामेश्वर रेगर, प्रेमचंद शर्मा ,रियासत अंसारी ,इमरान खान,आदिल खान सहित कई इंकलाब मोर्चा पदाधिकारी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### रोड सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न

**झालावाड़,** (निसं)। रोड़ सुरक्षा समिति की बैठक जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में गुरूवार को मिनी सचिवालय के सभागार में आयोजित की गई।बैठक में जिला कलक्टर ने जिले के विभिन्न ब्लैक स्पॉट पर होने वाली दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चिन्हित् ब्लैक स्पॉट पर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता से कहा कि जहां भी सड़क मरम्मत एवं नवीनीकरण के आवश्यक कार्य के लिए बजट की आवश्यकता हो, उसके लिए पिछले पांच सालों में हुई सड़क दुर्घटनाओं के डाटा के माध्यम से प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय पर भिजवाएं। जिला कलक्टर ने एनएच 52 पर देवरीघटा, झिरनिया सहित तीन धार से अकलेरा, कटफला से असनावर रोड़ पर राजकीय स्कूल के सामने, अरनिया-खानपुर रोड़, झालरापाटन थाने से सूरजपोल गेट सहित अन्य तक सुरक्षा की दृष्टि से स्पीड ब्रेकर, रम्बल्स एवं संकेतक बोर्ड लगवाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारी से इन्टरसेप्टर के माध्यम से वाहनों की ओवर स्पीड पर नियमित रूप से निगरानी रखने की बात कही।


**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम तसनीम से बदलकर नया नाम तसनीम फोरमेन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-तसनीम फोरमेन पत्नी मुर्तुजा अली बोहरा मोहल्ला इमाम चौक नियर चारभुजा मंदिर बून्दी

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम मुस्तुफा से बदलकर नया नाम मुस्तफा बन्दुकवाला रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-मुस्तफा बन्दुकवाला पुत्र मुल्ला वली मोहम्मद बन्दुकवाला हाउस बोहरा मोहल्ला टिपटा कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैंने अपना पुराना नाम निखत खानम से बदलकर नया नाम निखत खान रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-निखत खान पत्नी जावेद खान 2-A लेक विव्य कालोनी आकाशवाणी कालोनी कोटा

**नाम परिवर्तन**

मैं मुस्तफा रंगवाला पिता बुरहानुद्दीन जिसका मैंने नाम बदलकर बुरहानुद्दीन मुस्तफा रंगवाला रख दिया है। भविष्य में मेरे पुत्र को बुरहानुद्दीन मुस्तफा रंगवाला के नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

पता-बुरहानुद्दीन मुस्तफा रंगवाला पुत्र मुस्तफा रंगवाला डॉ. ए.एफ. रंगवाला के ऊपर पाटनपोल रोड टिपटा कोटा

**खोया-पाया**

मेरी दुकान नं. 5 बल्लभबाडी हाउसिंग बोर्ड कालोनी कोटा के मूल दस्तावेज में कब्जा पत्र, इन्वेन्ट्री, अदेय प्रमाण पत्र कही रास्ते में गुम हो गये है। जिस किसी को मिले निम्न पते पर सूचित करे।

पता-शालू सुखीजा पुत्री अमरजीत सिंह तुली 31-ए के पीछे न्यू कालोनी गुमानपुरा कोटा, मो. 9829038331

**कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा**

क्रमांक:-एफ-15/कृ.भू.रू./2023/2031 विज्ञप्ति दिनांक:-05.01.2023

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम बालाकुण्ड में स्थित कृषि भूमि योजना जवाहर नगर खसरा नं. 42 में स्थित भूखंड संख्या 19-ए/1 आवेदक श्री प्रभूलाल मीणा पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल निवासी वार्ड नं. 8 नोहरा का पाडा बूढादीत जिला कोटा नाम हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखंड का पट्टा आदेश क्रमांक 1558 दिनांक 03.02.2003 को श्रीमती कृष्णा भटनागर पुत्र श्री त्रिलोकी नाथ के नाम जारी किया गया था। पट्टाधारी द्वारा उक्त भूखंड का बैचान जर्ये विक्रय पत्र दिनांक 14.02.2005 को श्रीमती रोशन बाई पत्नी श्री प्रभूलाल मीणा को किया गया था। श्रीमती रोशन बाई की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 11.05.2022 को मृत्यु हो चुकी है। पट्टेधारी के विधिक वारिसान पति प्रभूलाल मीणा, पुत्र गिरधारी लाल मीणा है। वारिसान गिरधारी लाल मीणा द्वारा जर्ये रजि. हकत्याग पत्र दिनांक 19.12.2022 को आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अतः श्री प्रभूलाल मीणा पुत्र स्व. श्री कन्हैयालाल के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

